**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2023 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूँछे गये अतारांकित प्रश्न प्रश्न संख्या-12 का उत्तर:-**

| **प्रश्न** | **उत्तरालेख** |
|---|---|
| 12(क) क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद- सोनभद्र के घोरावल से जनपद-मिर्जापुर को जोड़ने वाली सड़क पर स्थित बकहर नदी पर 7 साल से बन रहे बकहर पुल का निर्माण यथाशीघ्र करायेंगे? | जी हॉ। प्रश्नगत सेतु के निर्माण कार्य में कतिपय वृक्षों के साथ ही आरक्षित वन भूमि के प्रभावित होने के दृष्टिगत वन विभाग से अनुमति मॉगी गई थी, जिस पर वन विभाग द्वारा दिनांक 18.04.2023 को प्रदान की गयी सैद्धान्तिक स्वीकृति में शर्त सं0-3 में उल्लिखित है कि " प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006, के अन्तर्गत संबंधित जिलाधिकारी से निर्धारित प्रमाण पत्र प्राप्त कर पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।" <br> उपरोक्तानुसार अपेक्षित प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरान्त प्रश्नगत सेतु का निर्माण 12 माह में पूर्ण किया जाना लक्षित है। |
| (ख) यदि हॉ, तो कब तक? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नही उठता । |

(बृजेश सिंह)
राज्य मंत्री
लोक निर्माण विभाग।